पशुपालक की आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर ही वी.यू. की स्थापना सार्थक होगी- डॉ. जुयाल

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में म.प्र. शासन द्वारा मनोनीत माननीय प्रमण्डल सदस्यों श्री लखन पटेल, विधायक, पथरिया एवं श्री प्रभात दुबे का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुये विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने कहा कि शासन ने विश्वविद्यालय का नामकरण महान विचारक श्री नानाजी देशमुख के नाम करके हमें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। नानाजी चाहते थे कि सिर्फ समन्वित कृषि जिसमें पशुपालन का समावेश भी हो, तभी पशुपालक की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये यह विश्वविद्यालय पशुपालक के द्वार तक पहुंचकर उनकी पशुपालन संबंधी समस्याओं का निदान कर रहा है। उन्होंने म.प्र. में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि को देखते हुये शासन से अनुरोध किया है कि शीघ्र **ही** डेरी साइंस एवं फूड टेक्नोलाजी महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की जाये जिससे दुग्ध को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाकर विक्रय किया जा सके।

कार्यक्रम में माननीय प्रमण्डल सदस्य एवं विधायक श्री लखन पटेल ने कहा कि वि.वि. द्वारा शासन के समक्ष प्रस्तुत की गई समस्त योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करके इस विश्वविद्यालय को शिखर तक ले जाने का कार्य मिलजुल कर करेंगे। प्रमण्डल सदस्य श्री प्रभात दुबे ने कहा कि संयुक्त प्रयास करके शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु कार्य करेंगे। उन्होनें विश्वविद्यालय से जुड़ने पर खुशी व्यक्त की।

आज के कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. जी.पी.पाण्डेय, डीन फैकल्टी डॉ. एस.एन.एस. परमार, डीन कालेज डॉ. आर.पी.एस. बघेल, डॉ. बी.सी. सरखेल, डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. एस.के. नायक, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. जे.के. भारद्वाज, डॉ. एन.के. जैन सहित समस्त अधिकारयों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा ने किया।

दिनांक-25.05.18

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.
जबलपुर